सेवा संकल्प अभियान के रक्तदान शिविर में रक्त देने उमड़ी भीड़

उप मुख्यमंत्री सहित जनप्रतिनिधियों ने किया रक्तदान, रक्तदान जरूरतमंद मरीज को जीवनदान देता है : शुक्ल

नवभारत न्यूज

रीवा, 17 सितम्बर, सेवा संकल्प अभियान के तहत संभागीय मुख्यालय रीवा में कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वयं रक्तदान करके शिविर का शुभारंभ किया.

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 17 सितंबर से सेवा संकल्प अभियान शुरू हो रहा है. आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री और भारत माता के सच्चे सपूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है. आज देश भर में रक्तदान शिविर आयोजित करके प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन मनाया जा रहा है. रक्तदान महादान है. रक्त फैक्ट्री में नहीं बनता है. जब हम सब रक्तदान करते हैं तो वह ब्लड बैंक में जमा होता है और जरूरतमंद को दिया जाता है. रक्तदान जरूरतमंद

मरीज को जीवनदान देता है. जब हम सब देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए और सच्चे भारतीय के रूप में रक्तदान करते हैं तभी पीड़ितों की जान बचाने के लिए रक्त प्राप्त होता है. वह व्यक्ति जो 18 साल से 65 वर्ष की आयु वर्ग का है और स्वस्थ है वह 3 महीने में एक बार रक्तदान कर सकता है. आज मैंने स्वयं रक्तदान किया है और मुझे आत्मिक प्रसन्नता हो रही है. मेरे साथ-साथ पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय तथा अन्य

अन्य जनप्रतिनिधियों ने रक्तदान शिविर मे रक्तदान किया. मनगवां में आयोजित शिविर में विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति ने भी रक्तदान किया है. शिविर में प्रजापिता ब्रम्हकुमारी, भारतीय रेडक्रास समिति तथा अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने रक्तदान करके पीड़ित मानवता की सेवा में योगदान दिया.

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, रीवा जिले के सेवा संकल्प अभियान के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव केसी गुप्ता, कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह, एडीएम सपना त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा शिविर की नोडल अधिकारी श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा मौजूद रही. मेडिकल कालेज के डीन डॉ. शशिधर गर्ग, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह, तथा सिविल सर्जन डॉ. प्रतिभा मिश्रा की टीम ने आवश्यक व्यवस्थाएं की.

कमिश्नर-आईजी सहित अधिकारियों ने किया रक्तदान

सेवा संकल्प अभियान में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने सुबह से ही कमर कसी. शिविर से एक दिन पहले रक्तदाताओं की सूची तैयार की गई. सुबह 9 बजे रक्तदान शिविर शुरू होते ही सबसे पहले जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह तथा प्रसिद्ध खिलाड़ी कुशल थापा ने रक्तदान किया. इसके बाद रक्तदान करने का सिलसिला चल पड़ा. रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेंद्र सिंह, आईजी गौरव राजपूत, एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधाकर पाण्डेय, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे तथा अन्य अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने रक्तदान किया.

सुजीत ने परिवार के साथ किया रक्तदान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर शहीद भगत सिंह सेवा समिति के अध्यक्ष सुजीत द्विवेदी ने पूरे परिवार के साथ कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में रक्तदान किया. इस अवसर पर उनकी पत्नी उमा द्विवेदी, छोटी बेटी वसुंधरा द्विवेदी ने अपने 7 माह 11 दिन के बेटे विक्रमादित्य के साथ रक्तदान करने पहुंची. वसुंधरा ने दूसरी बार रक्तदान किया. वही उनके बेटे भारत सरकार ने पहली बार रक्तदान किया. इस अवसर पर सुजीत द्विवेदी ने कहा कि जब हम रक्तदान कर रहे होते हैं उसे समय किसी न किसी की जान बचा रहे होते हैं. रक्तदान से बढ़कर इस दुनिया में कोई भी काम नहीं होता है सभी को रक्तदान करना चाहिए.

सेवा संकल्प अभियान में आशीर्वाद के 51 हजार दीपों से जगमगाया पचमठा

नवभारत न्यूज

रीवा, 17 सितम्बर, सेवा संकल्प अभियान के शुभारंभ पर रीवा बीहर नदी रिवर फ्रंट के पचमठा घाट पर 51 हजार आशीर्वाद के दीपक जलाए गए. रिवर फ्रंट के साथ निर्मित बीहर नदी के मनोरम घाट पर जगमगाते हजारों दीपकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आशीर्वाद और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं.

कार्यक्रम का शाम 6.40 बजे शुभारंभ करते हुए उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है. आर्थिक और राजनीतिक महाशक्ति के रूप में विश्व मंच पर मोदी जी ने भारत को बड़ी प्रतिष्ठा दिलाई है. हाल ही में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन के प्रस्ताव इसके प्रमाण हैं. हम सब आज यशस्वी प्रधानमंत्री जी का जन्मदिवस मना रहे हैं. प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में गरीब कल्याण के लिए लागू की गई अनेक योजनाओं से रीवा जिले में लाखों हितग्राही लाभान्वित हुए हैं. सभी हितग्राही आशीर्वाद का दीपक जलाकर प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं. पुनर्घनत्वीकरण योजना से निर्मित सुंदर रिवर फ्रंट और पचमठा धाम में जगमगाते हजारों दीपक विकास की कहानी कह रहे हैं. आज देश भर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के माध्यम से लाखों लोगों ने रक्तदान करके

प्रधानमंत्री जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं और पीड़ित मानवता की सेवा में योगदान दिया है. कार्यक्रम को सफल बनाने में आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन तथा उनकी पूरी टीम ने शानदार व्यवस्थाएं की. बीहर के तट पर सुंदर आकृति में सजे दीप सबको आकर्षित कर रहे थे. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के सैकड़ों हितग्राहियों ने भी आशीर्वाद के दीपक जलाए. दीपोत्सव के लिए नगर निगम द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं. पचमठा के साथ-साथ रीवा जिले में गत वर्षों में हुए विकास के बड़े प्रतिमानों में भी आशीर्वाद के दीपक जलाए गए.

जगमगाते दीपों ने सबका मनमोह लिया

सेवा संकल्प अभियान में बीहर तट में जगमगाते दीपों की निराली छटा ने सबका मन मोह लिया. हजारों लोगों ने सामूहिक रूप से बीहर आरती में शामिल होकर प्रधानमंत्री जी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं. कार्यक्रम में संत विजय ब्रम्हचारी, सांसद जनार्दन मिश्र, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, संगठन प्रभारी विजय दुबे तथा बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं पार्षद शामिल रहे. कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव तथा रीवा जिले के प्रभारी अधिकारी केसी गुप्ता, कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह, आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सृष्टि देशमुख गौड़ा, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी उपस्थित रही.

संक्षिप्त

जन विश्वास अभियान शिविर आज नगर निगम में

रीवा, आम जनता के आवेदन पत्रों का मौके पर निराकरण करने तथा शासन की योजनाओं की मानीटरिंग के लिए मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के तहत नगर निगम रीवा में 18 सितंबर को शिविर आयोजित किया जा रहा है. विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर सुबह 11.15 बजे मुख्य अतिथि के रूप में शिविर का शुभारंभ करेंगे. इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि शासन की उच्च प्राथमिकता के मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर में सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी योजना में दर्ज आवेदनों का निराकरण किया जाएगा. कलेक्टर ने शिविर आयोजन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा है कि अधिकारी शिविर में शामिल होने के साथ-साथ अधीनस्थ कार्यालयों, छात्रावास, अस्पताल, उचित मूल्य दुकान आदि का निरीक्षण करें. शिविर का आयोजन सादगीपूर्ण रूप से करें.

आईटीआई रीवा में प्रवेश का अंतिम अवसर

रीवा, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रीवा में प्रवेश सत्र 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया के अंतिम चरण फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व के अंतर्गत प्रवेश प्रारंभ हो गया है. इच्छुक अभ्यर्थी 22 सितंबर तक प्रवेश पोर्टल के माध्यम से पंजीयन, च्वाइस फिलिंग अथवा त्रुटि सुधार की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं. आईटीआई रीवा में वर्तमान में विभिन्न ट्रेडों में रिक्त सीटों पर प्रवेश का अवसर उपलब्ध है. विशेष रूप से स्टेनो इंग्लिश, कारपेंटर, मेसन तथा कोपा (दृष्टि बाधित) ट्रेड में सीटें रिक्त हैं. संबंधित ट्रेडों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए यह अंतिम चरण महत्वपूर्ण अवसर है. प्रवेश प्रक्रिया में अभ्यर्थियों को पोर्टल पर उपलब्ध संस्थावार एवं व्यवसायवार रिक्त सीटों की जानकारी देखकर अपनी पसंद के ट्रेड एवं संस्थान का चयन करना होगा. अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए संस्थान स्तर पर हेल्पडेस्क/काउंसलिंग सेंटर के माध्यम से मार्गदर्शन एवं एलॉटमेंट प्रिंट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी.

श्रम कल्याण केंद्र में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

रीवा, श्रम कल्याण केंद्र रीवा में भगवान विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई. कार्यक्रम में अल्ट्राटेक सीमेंट बेला प्लांट के सीनियर मैनेजर राजेश मिश्रा एवं ऑफिसर रमेश पाठक सहित गजराज तिवारी, सदस्य असंगठित कर्मकार कल्याण मंडल, सुरेंद्र सिंह सेंगर, राजकुमार मिश्रा, संभागीय अध्यक्ष दैनिक वेतन भोगी, बृजेश सिंह, विकास शुक्ला, जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ, सुरेश त्रिपाठी, प्रमोद सिंह, प्रमोद तिवारी, संतोष विश्वकर्मा, राजभान गोस्वामी एवं श्यामलाल यादव उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवान विश्वकर्मा जी के पूजन से हुआ. अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी को माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए गए. इस अवसर पर गजराज तिवारी एवं राजेश मिश्रा ने भगवान विश्वकर्मा जी के जीवन, महिमा एवं विश्व के रचयिता के रूप में उनके महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं. कार्यक्रम में कल्याण सहायक श्रीमती प्रीति मिश्रा, सिलाई प्रशिक्षिका श्रीमती माया शर्मा एवं श्रीमती रईसा खातून सहित केंद्र की छात्राएं उपस्थित रहीं.

श्रीयुत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि

रीवा, सुबह 11 बजे पुलिस लाइन चौराहा मे स्थापित स्व0 श्री तिवारी की प्रतिमा पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, महापौर अजय मिश्रा बाबा तथा शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू सहित कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजली अर्पित की गई.

जिले में अब तक 751.1 मिली मीटर औसत वर्षा हुई

नवभारत न्यूज

रीवा, 17 सितम्बर, सावन में जहा झमाझम बारिश हुई और बाढ़ जैसे हालात बन गये. लेकिन अब एक सप्ताह से झमाझम बारिश नही हो रही है. तेज धूप के साथ उमस भरी गर्मी बनी रहती है. तापमान भी 33.8 डिग्री पहुंच गया है. जबकि न्यूनतम तापमान 24.8 है. हालात रात में हल्की ठण्ड होती है.

जिले में अभी सामान्य से कम वर्षा हुई है. सबसे कम मनगवां एवं त्योंथर तहसील में

वर्षा हुई है. जबकि गुढ़ तहसील में सबसे ज्यादा वर्षा दर्ज की गई है. हालाकि अभी 15 दिन वर्षाकाल का और शेष बचा हुआ है. 800 मिली मीटर तक वर्षा पहुंच सकती है. गुरूवार को 8.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई. इस दिन सर्वाधिक 25 मिमी वर्षा जवा तहसील में दर्ज की गई. जिले में एक जून से अब तक 751.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है. इस अवधि में तहसील हुजूर में 901.5 मिमी, रायपुर कर्चुलियान में 778.2 मिमी, गुढ़ में 1042 मिमी, सिरमौर में 728.4 मिमी, त्योंथर में 575 मिमी, सेमरिया में 611 मिमी, मनगवां में 505 मिमी और जवा में 868 मिमी वर्षा दर्ज की गई. गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 765.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई थी. रीवा जिले की सामान्य औसत वर्षा 1044.6 मिमी है.

संकट की घड़ी में भाजपा मना रही दीपोत्सव : राजेन्द्र

नवभारत न्यूज

रीवा, 17 सितम्बर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि रीवा जिला अतिवृष्टि और बाढ़ की गंभीर स्थिति से जूझ रहा है.

गांवों में घर तबाह हो गए हैं, फसलें बर्बाद हुई हैं और हजारों परिवार संकट में हैं. ऐसे समय में जब जनता राहत और सहायता की उम्मीद कर रही है, तो स्थानीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री द्वारा 'आशीर्वाद का दिया' जलाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि भाजपा की संवेदनशीलता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते है. प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था बदतर है, पुल टूट रहें है सड़कें खराब हो गई है. बालाघाट में मलेरिया और खसरे से 33 बच्चों की अकाल मृत्यु हो गई, छिंदवाड़ा में जहरीली दवा के सेवन से 30 से अधिक बच्चों की मौत हो गई, ऐसे समय में भाजपा सरकार के लोग दीपोत्सव मना रहें है जिसकी जिला कांग्रेस कमेटी रीवा कड़ी निंदा करती है.

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत

नवभारत न्यूज

रीवा, 17 सितम्बर, नईगढ़ी थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह रिमझिम बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रही एक महिला की मौत हो गई.

हादसा बंधवा भाईबाट गांव में हुआ. यहां 50 वर्षीय दुअसिया साकेत खेत में उड़द की तुड़ाई कर रही थीं. इसी दौरान अचानक तेज गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी और महिला उसकी चपेट में आ गई.गंभीर रूप से झुलसी महिला को परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. जानकारी के अनुसार बंधवा भाईबाट निवासी दुअसिया साकेत बुधवार सुबह अपने खेत में उड़द की तुड़ाई कर रही थीं. सुबह से क्षेत्र में रिमझिम बारिश हो रही थी. इसी दौरान अचानक तेज गरज और चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी.

बीहर नदी में बहता मिला शव, नहीं हुई सिनाख्त

नवभारत न्यूज

रीवा, 17 सितम्बर, रीवा शहर के बीहर नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पानी मे तैरता हुआ मिला है. यह घटना विश्वकर्मा जयंती के पावन पर्व के दौरान 'विश्वकर्मा घाट' पर घटित हुई.

जहा घाट पर पहले से मुस्तैद होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को नदी से बाहर निकाला. दरअसल विश्वकर्मा जयंती और मूर्ति विसर्जन के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने बीहर नदी के घाटों पर होमगार्ड और एसडीआरएफ के जवानों की तैनाती की थी. बुधवार को जब बड़ी पुल के पास विश्वकर्मा घाट पर जवान मुस्तैद थे, तभी नदी की तेज धार में एक शव बहता हुआ दिखाई दिया.शव को देखते ही एसडीआरएफ के जवानों ने बिना वक्त गंवाए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया. जवानों ने तत्परता दिखाते हुए पानी के बीच से शव को सुरक्षित किनारे तक पहुंचाया और इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी. मौक़े पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे एम्बुलेंस की मदद से संजय गांधी अस्पताल की मर्चुरी में रखवा दिया है. फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है. मृतक की उम्र और उसने क्या पहना था, इस संबंध में पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के रिकॉर्ड खंगाल रही है. पुलिस के मुताबिक, मौत का कारण डूबना है या मामला कुछ और है, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा. पुलिस फिलहाल मर्ग कायम कर हर एंगल से मामले की बारीकी से जांच कर रही है. आसपास के लोगों और घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं से भी पूछताछ की जा रही है ताकि मृतक की पहचान जल्द से जल्द की जा सके. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

पूर्व विस अध्यक्ष श्रीयुत के कार्यों को याद कर मनाई गई 101वीं जयंती

नवभारत न्यूज

रीवा, 17 सितम्बर, कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता रहे म0प्र0 विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी की 101वीं जयंती जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर तथा डॉ0 अरूणा तिवारी के संयुक्त तत्वावधान मे अत्यंत सादगी के साथ मनाई गई.

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजमणि पटेल रहे. जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा के अध्यक्षता, महापौर अजय मिश्रा बाबा, सरदार प्रहलाद सिंह, ब्रजभूषण शुक्ला, द्वारिका प्रसाद द्विवेदी सीधी एवं मंजूलता तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य मे किया गया. संगोष्ठी मे उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुये पूर्व सांसद राजमणि पटेल ने कहा कि श्रीयुत तिवारी जी संघर्षों के पर्याय थें, उनका सारा जीवन संघर्षों के बाद इतनी ऊंचाइयों तक पहुचा है. अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व0 श्रीनिवास तिवारी जी बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थें, वह जनता

जर्नादन, दलितों, वंचितो और गरीबों के सर्वमान्य नेता थें, श्री शर्मा ने कहा कि रात-दिन जनता की सेवा करना ही वह अपना धर्म समझते थें और आजीवन उन्होने इसका निर्वहन किया, प्रदेश मे उनके समान जनता की समस्याओं का समाधान करने वाले बिरले लोग ही देखने को मिलते हैं. सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने कहा कि श्रीयुत तिवारी जी के आदर्शों एवं दृढ़ संकल्पों को लेकर हमे कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लेना और भारतीय जनता पार्टी की सरकार को अपदस्थ कर कांग्रेस पार्टी की सरकार स्थापित करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी. महापौर अजय मिश्रा बाबा ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीयुत तिवारी को महान कर्मयोगी निरूपित किया, उन्होने कहा कि स्व0 तिवारी जी एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक संस्था के रूप मे हम सब लोगों के बीच विद्यमान थें, उनके आदर्शों और विचारों से हम सबको प्रेरणा लेने की आवश्यकता है.

डॉ0 अरूणा तिवारी ने कहा कि स्व0 बाबा जी के प्रति श्रद्धावान कांग्रेसजन जो रीवा संभाग से यहां पधारे हैं उनके बाबा जी के प्रति समर्पण को देख कर मै भाव विहवल हूँ और आशा करती हूँ कि भविष्य मे आप लोगों का इसी प्रकार स्नेह, सहयोग, आर्शिवाद अमहिया परिवार को मिलता रहेगा. कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण तिवारी एवं एड0 शशि पाण्डेय ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता गोविन्ददास तिवारी ने किया. संगोष्ठी को शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, डॉ0 शीला त्यागी, एड0 रवि तिवारी, सरदार प्रहलाद सिंह, ब्रजभूषण शुक्ला, चन्द्रमणि शुक्ला मौजूद रहे.

टीआरएस कॉलेज प्राचार्य के सामने एनएसयूआई कार्यकर्ता बेहोश होकर गिरा

नवभारत न्यूज

रीवा, 17 सितम्बर, टीआरएस महाविद्यालय में छात्र हितों और कथित दोहरे मापदंड के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ता एवं पूर्व टीआरएस महाविद्यालय अध्यक्ष नित्कर्ष मिश्रा और उनकी पूरी टीम द्वारा धरना दिया गया. धरने के दौरान कार्यकर्ता लगातार चार-पांच घंटे तक खुले आसमान के नीचे कड़ी धूप में संघर्ष करते रहे.

इसी दौरान नित्कर्ष मिश्रा छात्रों के साथ जैसे ही प्राचार्य कक्ष के अंदर पहुंचे तो उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए. कार्यकर्ताओं के अनुसार डिहाइड्रेशन के कारण उनकी स्थिति बिगड़ी, जिसके बाद उन्हें तत्काल संजय गांधी अस्पताल, रीवा ले जाया गया. इस पूरे घटना क्रम के वायरल हुए वीडियो में साफ नजर आ रहा कि छात्र अचेत होकर जमीन पर पड़ा था और साथी चीख चिल्ला रहे थे लेकिन प्रचार्या अपनी कुर्सी से जरा भी नहीं हिली. जिसके बाद साथ छात्र उन्हें उतार अस्पताल उपचार के लिए ले गए. छात्रों ने बताया कि धरने का एक प्रमुख मुद्दा यह था कि टीआरएस महाविद्यालय के अध्यक्ष शक्ति पाठक को प्राचार्य अर्पिता अवस्थी द्वारा हाथ पकड़कर महाविद्यालय से बाहर किया गया था. कार्यकर्ताओं ने इसे छात्र प्रतिनिधियों के साथ अनुचित व्यवहार बताते हुए विरोध दर्ज कराया. यदि कोई छात्रा हनुमना या मऊगंज जैसे दूरदराज क्षेत्र से अपनी टीसी लेने महाविद्यालय आती है, लेकिन उसे बिना ड्रेस तीन बजे से पहले प्रवेश नहीं दिया जाता, तो वह टीसी लेने के बाद घर कैसे लौटेगी? छात्रों का कहना है कि नियम व्यवस्था के लिए होने चाहिए, छात्रों की मजबूरी और सुरक्षा को नजर अंदाज करने के लिए नहीं. इसलिए ड्रेस कोड एवं प्रवेश संबंधी नियमों में आवश्यक परिवर्तन कर ऐसी व्यवस्था बनाई जाए जिससे दूरदराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को अपनी आवश्यक शैक्षणिक प्रक्रिया पूरी करने से रोका न जाए.